# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 2182 / m-1 / 42 दिनांक 31/7/26

सेवा में,

जिला सूचनाधिकारी,
(निरीक्षा शाखा)
मऊ।

विषय : **दैनिक अमर उजाला समाचार पत्र दिनांक 31.07.2026 में मऊ न्यूज ''जल जीवन मिशन में अनियमितताओं की जांच की मांग '' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक अमर उजाला समाचार पत्र दिनांक 31.07.2026 में मऊ न्यूज ''जल जीवन मिशन में अनियमितताओं की जांच की मांग शीर्षक से प्रकाशित समाचार का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मऊ में कुल 1320 राजस्व ग्राम में हर घर नल से जल आच्छादित किया जाना है। 02 वर्ष से धनाभाव के कारण कार्यदायी संस्थाओं के बीजक का भुगतान धनावंटन में विलम्ब व धनाभाव के कारण परियोजना का कार्य बाधित हो गया था। धनावटंन प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भ हो गया है। Component wise प्रगति का विवरण निम्नानुसार है।

| Sr.No. | Components | Physical Progress | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Target | Achivement | % |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ट्यूबवेल | 575 | 567 | 98.61 |
| 2 | पंप हाउस | 575 | 556 | 96.70 |
| 3 | क्लोरीनीकरण प्रणाली | 575 | 268 | 46.61 |
| 4 | ओवरहेड टैंक (OHT) | 537 | 288 | 53.63 |
| 5 | पाइपलाइन बिछाने का कार्य (कि.मी). | 7941 | 7526 | 94.77 |
| 6 | सौर ऊर्जा प्लांट | 529 | 400 | 75.61 |
| 7 | घरेलू नल कनेक्शन(FHTC) | 264404 | 249751 | 94.46 |
| 9 | सड़क मरम्मत का कार्य (KM) | 2164 | 2148 | 99.26 |
| 10 | वे गाँव जहाँ 100% सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है। | 1320 | 852 | 64.55 |
| 11 | कमीशनिंग गाँव | 1320 | 690 | 52.27 |
| 12 | नियमित जल आपूर्ति | 1320 | 635 | 48.11 |

जनपद मऊ में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निर्मित व निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु मार्च, 2027 तक की अवधि विस्तारित की गई है, शेष कार्य विस्तारित अवधि तक पूर्ण करा लिये जायेंगे।

अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक :** **1– पेपर कटिंग की छायाप्रति।**

भवदीय
(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः–

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3– जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ।
5– मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

अमर उजाला





मानसून
स्पेशल सेल
25%



# Mau News: जल जीवन मिशन में अनियमितताओं की जांच की मांग

वाराणसी ब्यूरो
Updated Fri, 31 Jul 2026 12:57 AM IST



कलेक्ट्रेट पर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने जाते हिंदू जागरण समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता

केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को हिंदू जागरण समिति के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया।

साथ ही जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

विज्ञापन









ज्ञापन सौंपने के दौरान हिंदू जागरण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि स्थानों पर योजना का क्रियान्वयन अपेक्षित स्तर पर नहीं हुआ है।


विज्ञापन








कई गांवों में कार्य अधूरे पड़े हैं, कहीं पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों को क्षतिग्रस्त छोड़ दिया गया है, तो कहीं लोगों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक स्थिति सामने लाई जानी चाहिए।

समिति के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रामकृष्ण भारद्वाज ने कहा कि यदि इस योजना में किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्टाचार हुआ है, तो उसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए।


## ये भी पढ़ें




Rampur News: बकाया भुगतान न होने पर ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन

रामपुर




Uttarkashi News: जल जीवन मिशन की शिकायतों की सीडीओ ने की जांच

उत्तर काशी




Explainer: मंत्री के इस्तीफे बनी NTA है क करती है, पहले में?

देश



विज्ञापन







इस दौरान मुख्य रूप से हिंदू जागरण समिति के जिलाध्यक्ष मनीष सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष बृजेश सिंह पटेल और प्रांत मंत्री गुड्डू सोनकर, रवि गुप्ता, अमित वर्मा और यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष आर्यन सिंह, राज श्रीवास्तव (एडवोकेट), योगेंद्र प्रजापति, गौरव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें